मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-362
21/07/2020

मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के राज्यपाल एवं बिहार के पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

- **स्व0 लालजी टंडन के सम्मान में एक दिन (21.07.2020) को राजकीय शोक की घोषणा**

पटना, 21 जुलाई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मध्य प्रदेश के राज्यपाल एवं बिहार के पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व0 लालजी टंडन एक लोकप्रिय नेता, कुशल प्रशासक एवं प्रख्यात शिक्षाविद् थे। बिहार के राज्यपाल के रूप में उनका कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने बिहार में उच्च शिक्षा के विकास को गति प्रदान की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भी लखनऊ के सांसद तथा राज्य के विभिन्न विभागों के मंत्री पद पर रहते हुये अपने जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। स्व0 लालजी टंडन के साथ मेरा व्यक्तिगत संबंध था और उनके निधन का समाचार सुनकर मुझे बेहद दुख पहुँचा है।

मुख्यमंत्री ने स्व0 लालजी टंडन के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री श्री आशुतोष टंडन तथा पुत्र श्री सुबोध टंडन से दूरभाष पर वार्ता कर उन्हें सांत्वना दी।

स्व0 लालजी टंडन के सम्मान में बिहार सरकार ने एक दिन दिनांक–21.07.2020 को राजकीय शोक घोषित किया है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******